Career Classes
RAS & Competitive Exams

# 17. उद्योग

❑ राजस्थान में कितने जिला उद्योग केन्द्र कार्यरत हैं? [RAS-28.08.2016]

(1) 29 (2) 31 (3) 33 (4) 36

Ans. (4)

*व्याख्या* – वर्तमान में उद्यमियों को आदान तथा अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु 36 जिला उद्योग केन्द्र एवं 8 उप केन्द्र कार्यरत हैं। जिला उद्योग केन्द्र कुटीर, ग्रामीण, अति लघु व लघु उद्योगों से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण सेवायें देता है।

❑ निम्नलिखित में से राजस्थान में कौन-कौन से महत्त्वपूर्ण खनिज आधारित उद्योग हैं [RAS-05.08.2018]

(1) जस्ता गलन उद्योग (2) सीमेन्ट उद्योग
(3) इलेक्ट्रॉनिक उद्योग (4) संगमरमर उद्योग

(1) 1 एवं 2 (2) 1, 3 एवं 4
(3) 1, 2 एवं 4 (4) 1, 2, 3 एवं 4

Ans. (3)

*व्याख्या* : राजस्थान में खनिज आधारित उद्योग – सीमेन्ट, जस्ता, संगमरमर, ग्रेनाइट, सिरेमिक, तेल शोधक, ताँबा, अभ्रक, इमारती पत्थर, मिट्टी के बर्तन, मूर्ति उद्योग।

• कृषि आधारित उद्योग – चीनी उद्योग (मौसमी उद्योग), सूती वस्त्र, वनस्पति घी, खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य तेल, दाल मिलें, खाण्डसारी, भुजिया पापड़, तम्बाकू उद्योग।

• वन आधारित उद्योग – कागज, माचिस, लाख, रेशम एवं रबड़ उद्योग।

❑ कौनसा कृषि-आधारित उद्योग नहीं है? [LDC-9.9.2018]

(1) खाद्य तेल (2) खाण्डसारी (3) पापड़-भुजिया (4) सीमेंट

Ans. (4) *व्याख्या* : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ राजस्थान राज्य में निम्न में से कौनसा एक कृषि आधारित उद्योग नहीं है? [CET-G (S-I) - 27.09.2024]

(1) दाल मिलें (2) चावल मिलें
(3) लौह और इस्पात उद्योग (4) कपास उद्योग

Ans. (3) *व्याख्या* : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ कौनसा उद्योग राजस्थान के कृषि आधारित उद्योग पर आधारित नहीं है? [CET-G (S-II) - 28.09.2024]

(1) कपड़ा उद्योग (2) रबड़ उद्योग
(3) चमड़ा उद्योग (4) सीमेंट उद्योग

Ans. (4) *व्याख्या* : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ किस उद्योग को मौसमी उद्योग कहा जाता है– [Stenographer-15.10.2024]

(1) चीनी उद्योग (2) डेयरी उद्योग
(3) आभूषण उद्योग (4) ग्रेनाइट उद्योग

Ans. (1) *व्याख्या* : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ प्राकृतिक संसाधनों की प्रकृति एवं उपलब्धता के आधार पर वर्तमान में राजस्थान के औद्योगिक विकास में निम्न में से किस निवेश-आधारित उद्योगों का समूह सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है? [R.A.S. 1994] [कॉलेज व्याख्याता परीक्षा-2016]

(1) पशुधन आधारित (2) खनिज आधारित
(3) कृषिगत पदार्थ आधारित (4) तिलहन आधारित

Ans. (2)

*व्याख्या* – राज्य में सर्वाधिक विकास की संभावनाएँ खनिज आधारित उद्योगों की है।

❑ राजस्थान का सबसे प्राचीन संगठित उद्योग है? [S.I. Exam, 1998] [मूल्यांकन अधिकारी-23.08.2020] [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.06.2024 (I)]

(1) सीमेन्ट उद्योग (2) चीनी उद्योग
(3) सूती वस्त्र उद्योग (4) वनस्पति घी उद्योग

Ans. (3)

*व्याख्या* – सूती वस्त्र उद्योग राजस्थान का सबसे प्राचीन संगठित वृहत् उद्योग है। राजस्थान में सूती वस्त्र उद्योगों के लिए अधिकांश कच्चा माल हनुमानगढ़, गंगानगर जिले में उत्पादित होता है।

❑ सूती वस्त्र उद्योग के लिए अधिकांश कच्चा माल राजस्थान के निम्न जिलों से प्राप्त होता है? [ग्राम सेवक परीक्षा, 2008] [वन रक्षक परीक्षा, 2013]

(1) गंगानगर एवं हनुमानगढ़ (2) भीलवाड़ा व अजमेर
(3) कोटा एवं झालावाड़ (4) टोंक व बूँदी

Ans. (1) *व्याख्या* : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ राजस्थान की पहली कपड़ा मिल– कृष्णा मिल, ब्यावर की स्थापना निम्नलिखित में से किस वर्ष में की गई थी– [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-06.11.2020 (II)] [EO & RO - 14.05.2023 (S - II)] [I Grade Teacher Exam, 2012]

Career Classes
RAS & Competitive Exams

(1) 1906 में (2) 1925 में
(3) 1938 में (4) 1889 में

Ans. (4)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या - दी कृष्णा मिल्स लिमिटेड - यह राजस्थान की प्रथम सूती मिल है। जिसकी स्थापना कर्नल डिक्सन एवं सशस्त्र क्रांति का भामाशाह दामोदर दास राठी (इनके पिता खींवराज राठी प्रमुख सहयोगी) ने 17 जून 1889 ई. में निजी क्षेत्र में ब्यावर में स्थापित की गई। इसमें 'सर्वाधिक कार्यशील करघे' लगे हुये हैं। ब्यावर में ही 9 अगस्त, 1906 को दूसरी सूती मिल एडवर्ड मिल्स लि. एवं 1925 में महालक्ष्मी लिमिटेड नामक तीसरी मिल स्थापित की गई।*

❐ **राजस्थान में स्थापित पहली सूती वस्त्र मिल का नाम है-** [CET - 11.2.2023 (S-II)]
(1) कृष्णा मिल (2) एडवर्ड मिल
(3) महालक्ष्मी मिल (4) सार्दुल मिल
**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान की पहली सूती कपड़ा मिल 'द कृष्णा मिल्स लिमिटेड' थी, इसकी स्थापना की गई थी-** [PTI (Grade-II)-30.04.2023][III Grade (Mat.-Sci.) -25.2.2023] [PTI (Grade-III)-25.9.2022] [REET, 11 Feb. 2018]
(1) शाहपुरा (2) किशनगढ़ (3) भीलवाड़ा (4) ब्यावर
**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **कौनसा शहर राजस्थान का 'मैनचेस्टर' कहा जा सकता है?**[E.O.2007][REET (Level – I, S-I) –23.07.2022] [RAS Pre. -2009][राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (I)]
(1) कोटा (2) पाली (3) ब्यावर (4) भीलवाड़ा
**Ans. (4)**

*व्याख्या - राजस्थान में भीलवाड़ा जिला (14 मिलें) सूती वस्त्र उद्योग का प्रमुख केन्द्र है, अतः इसे 'राजस्थान का मैनचेस्टर' (टैक्सटाइल सिटी/वस्त्र-करघों का शहर) भी कहा जाता है। इस जिले का नाम भीलवाड़ा यहाँ स्थित सुप्रसिद्ध टकसाल 'भीलाड़ी' के कारण पड़ा।*

❐ **राजस्थान में वस्त्र उद्योग के लिए मशहूर नगर है?** [S.I. Exam, 1998]
(1) भीलवाड़ा (2) जयपुर (3) कोटा (4) उदयपुर
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **भीलवाड़ा को राजस्थान के .... के रूप में जाना जाता है-** [EO & RO - 14.05.2023 (S - II)]
(1) ज्यूरिख (2) मैनचेस्टर (3) ऑक्सफोर्ड (4) डेट्रॉइट
**Ans.** (2)

❐ **राजस्थान की टैक्सटाइल सिटी है?**[LDC - 23.10.16] [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.05.2022]
(1) कोटा (2) गंगानगर (3) भीलवाड़ा (4) जयपुर
**Ans. (3)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान का भीलवाड़ा शहर.......के नाम से जाना जाता है-** [पशु परिचर-1.12.2024 (S-II)]
(1) वस्त्र और करघों का शहर (2) सीसा-जिंक उत्पादन
(3) स्वर्ण और चाँदी के उत्पादन (4) सीमेन्ट उद्योग
**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान का कौनसा शहर परिधानों के शहर (सिटी ऑफ गारमेंन्ट्स) के नाम से जाना जाता है-** [CET (10+2) : 22.10.2024 (S-II)]
(1) भीलवाड़ा (2) बीकानेर (3) जयपुर (4) कोटा
**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **सूती वस्त्र उद्योग केन्द्र नहीं है?**[Stenographer-30.5.2013]
(1) टोंक (2) भीलवाड़ा (3) किशनगढ़ (4) ब्यावर
**Ans.** (1)

*व्याख्या -प्रमुख सूती वस्त्र मिले : एक दृष्टि में*

| स्थापना | मिल का नाम एवं स्थान |
|---|---|
| 1889 | दी कृष्णा मिल्स लि., ब्यावर |
| 1906 | एडवर्ड मिल्स लि., ब्यावर |
| 1925 | श्री महालक्ष्मी मिल्स लि., ब्यावर |
| 1938 | मेवाड़ टेक्सटाइल्स मिल्स, भीलवाड़ा |
| 1939 | महाराजा उम्मेद सिंह मिल्स लि. (सबसे बड़ी), पाली (स्थापना-12 अगस्त, 1939) |
| 1946 | सार्दुल टेक्सटाइल्स मिल्स लि., गंगानगर |
| 1960 | आदित्य मिल्स (दूसरी सबसे बड़ी), किशनगढ़, अजमेर |
| 1960 | राजस्थान स्पिनिंग एंड वीविंग मिल्स (मयूर सूटिंग), गुलाबपुरा, भीलवाड़ा |
| 1961 | उदयपुर कॉटन मिल्स, उदयपुर |
| 1968 | राजस्थान टेक्सटाइल्स मिल्स, भवानीमण्डी, झालावाड़ |
| 1977 | रिलायंस कॉमटेक्स, उदयपुर (स्थापना-शंकरलाल) |
| - | श्री गोपाल टेक्सटाइल्स मिल्स, कोटा |

❐ **महाराजा श्री उम्मेद मिल्स लि. किस वर्ष स्थापित की गई थी?** [LDC Exam -12.08.2018]
(1) 1939 (2) 2001 (3) 1991 (4) 1971
**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **महाराजा श्री उम्मेद मिल्स राजस्थान में कहाँ स्थित है?** [CET -4.2.2023 (S-I)]
(1) जोधपुर (2) पाली (3) जयपुर (4) जैसलमेर
**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❐ कौनसा ( सूती वस्त्र उद्योग-अवस्थिति/केन्द्र ) सही सुमेलित नहीं है- [संग्रहालयाध्यक्ष - 19.06.2024]
(1) सार्दुल टेक्सटाइल मिल्स – श्रीगंगानगर
(2) मेवाड़ टेक्सटाइल मिल्स – भीलवाड़ा
(3) राजस्थान स्पिनिंग एण्ड वीविंग मिल्स – गुलाबपुरा
(4) महाराजा उम्मेद मिल्स – जोधपुर
**Ans.** (4) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ सूती वस्त्र उद्योग की मेवाड़ टेक्सटाइल्स मिल्स की स्थापना कब की गई? [जेल प्रहरी-2017] [पटवार- 2011]
(1) 1906 में (2) 1925 में (3) 1938 में (4) 1889 में
**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ मेवाड़ टेक्सटाइल मिल अवस्थित है-
[Food Safety Officer - 27.06.2023]
(1) ब्यावर (2) भीलवाड़ा (3) बाँसवाड़ा (4) पाली
**Ans.** (2) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान स्पिनिंग एण्ड वीविंग मिल्स लि. का संयंत्र स्थित है- [AEN -30.06.2024]
(1) केवल गुलाबपुरा में
(2) भीलवाड़ा, ब्यावर, किशनगढ़ में
(3) भवानी मण्डी, भीलवाड़ा, श्रीगंगानगर में
(4) बाँसवाड़ा, मोरदी में
**Ans.** (1) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ सुमेलित कीजिए- [Research Officer-04.08.2024]

| | |
|---|---|
| (A) एडवर्ड मिल | (1) भवानी मण्डी |
| (B) राजस्थान टेक्सटाइल मिल | (2) भीलवाड़ा |
| (C) सार्दुल टेक्सटाइल मिल | (3) श्रीगंगानगर |
| (D) मेवाड़ टेक्सटाइल मिल | (4) ब्यावर |

| कूट : | (A) | (B) | (C) | (D) | | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 2 | 1 | 4 | (2) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (3) | 4 | 1 | 3 | 2 | (4) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान स्पिनिंग एण्ड विविंग मिल कहाँ स्थापित की गई है? [CET - 5.2.2023 (S- II)]
(1) अजमेर (2) ब्यावर (3) भीलवाड़ा (4) भिवाड़ी
**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ कौनसा राजस्थान के सूती-वस्त्र उद्योग से संबंधित नहीं है- [खाद्य सुरक्षा अधिकारी-25.11.2019]
(1) रिलायंस कॉमटेक्स, उदयपुर
(2) मेवाड़ टेक्सटाइल, भीलवाड़ा
(3) बिड़ला कॉर्पोरेशन, चित्तौड़गढ़
(4) एडवर्ड मिल्स, ब्यावर
**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ सुमेलित कीजिए- [Assist. Professor-8.9.2024]

| | |
|---|---|
| (A) राजस्थान कोऑपरेटिव मिल्स | (1) ब्यावर |
| (B) वर्स्टेड स्पिनिंग मिल्स | (2) चूरू |
| (C) श्री सीमेन्ट | (3) कांकरोली |
| (D) जे. के. टायर | (4) गुलाबपुरा |

| कूट : | (A) | (B) | (C) | (D) | | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 2 | 1 | 3 | (2) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (3) | 2 | 4 | 1 | 3 | (4) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**Ans.** (1)

❐ सवाई जयसिंह ने वस्त्र उद्योग से संबंधित कितने कारखाने स्थापित किए- [Stenographer-15.10.2024]
(1) 36 (2) 30 (3) 32 (4) 34
**Ans.** (1)

❐ RIICO ने राजस्थान के निम्न में से किस शहर ( या उसके पास ) में रत्न और आभूषण पार्क तथा वस्त्र पार्क ( टेक्सटाइल पार्क ) स्थापित किया है-
[छात्रावास अधीक्षक-30.08.2024]
(1) बीकानेर (2) नीमराना (3) भीलवाड़ा (4) जयपुर
**Ans.** (4)

❐ राजस्थान थोक मूल्य सूचकांक का आधार वर्ष है:
Career Classes RAS & Competitive Exams
[RAS-28.08.2016, 05.08.2018]
[LDC Exam -12.08.2018]
(1) 2011–12 (2) 2004–05 (3) 1999–2000 (4) 1986–87
**Ans.** (3)

***व्याख्या*** *–राज्य का सामान्य थोक मूल्य सूचकांक (WPI) का आधार वर्ष 1999–2000=100 है।*

❐ राजस्थान में WPI के लिए आधार वर्ष किस वर्ष को लिया जाता है? [सूचना सहायक परीक्षा-12.05.2018]
(1) 1999–2000 (2) 1995–1996
(3) 2004–2005 (4) 2008–2009
**Ans.** (1) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान में राज्य शुद्ध घरेलू उत्पाद का वर्तमान में आधार वर्ष है-[आर्थिक अन्वेषक (उद्योग विभाग)-25.3.18]
(1) 2011-12 (2) 2012-13
(3) 2010-11 (4) 2013-14
**Ans.** (1)

Scanned with OKEN Scanner

❑ रीको ने चार एग्रो-फूड पार्क विकसित किए हैं ताकि- [RAS (Pre) Exam. 14 June, 2012]
(1) कृषिगत वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा
(2) कृषि में विनियोग संवर्धन का कार्य करे
(3) कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने
(4) खाद्य भंडारण की सुविधाओं में वृद्धि करे
**Ans. (3)**

*व्याख्या - राज्य के एग्रो- फूड पार्क- रीको द्वारा स्थापित यह पार्क किसानों को अपनी उपजों का बेहतर मूल्य दिलवाने एवं कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने में मदद करेगा।* • **प्रथम एग्रोफूड पार्क रणपुर/रानपुर (कोटा) - क्षेत्रफल में सबसे छोटा**
- **दूसरा बोरानाडा (जोधपुर) -सबसे बड़ा**
- **तीसरा उद्योग विहार (गंगानगर)**
- **चौथा मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र (MAT), अलवर**
- **पाँचवा (प्रस्तावित) झालावाड़ (निजी क्षेत्र)**

❑ कौनसा एग्रो फूड पार्क, रीको द्वारा विकसित नहीं किया गया है-[सहायक सांख्यिकी अधिकारी (25.08.2024)]
(1) बोरानाडा, जोधपुर (2) किशनगढ़, अजमेर
(3) रणपुर, कोटा (4) उद्योग विहार, श्रीगंगानगर
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ रीको ने कृषि आधारित उद्योगों के विकास के लिये चार कृषि खाद्य पार्क विकसित किये है, ये है-
[AEN : 16.05.2014] [संरक्षण अधिकारी -29.05.2019] [CET : 07.01.2023 (S-II)]
(1) जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा
(2) कोटा, बोरानाडा (जोधपुर), गंगानगर और अलवर
(3) जयपुर, कोटा, अलवर, जोधपुर
(4) जोधपुर, बीकानेर, अलवर, उदयपुर
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्न में से कौनसा एक रीको (RIICO) का कृषि खाद्य फार्म केन्द्र है ? [Food Safety Officer - 27.06.2023]
(1) रीको, भरतपुर (2) उद्योगविहार, जैसलमेर
(3) एम आइ ए, कोटा (4) बोरानाडा, जोधपुर
**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ रीको ने कृषि आधारित उद्योगों के विकास के लिए चार कृषि खाद्य उद्यान विकसित किये हैं। निम्नलिखित में से कौनसा उनमें से एक नहीं हैं-
[राजस्थान पुलिस-13.5.2022 (S-I)][ACF & FRO- 18.02.2021]
(1) कोटा (2) श्रीगंगानगर (3) अलवर (4) जयपुर
**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ रीको ने राजस्थान में कितने एग्रो फूड पार्क विकसित किये हैं? [CET - 11.2.2023 (S-I)]
(1) 6 (2) 4 (3) 2 (4) 10
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्नलिखित में से कौनसा रीको द्वारा विकसित एक एग्रो फूड पार्क नहीं है- [AEN -30.06.2024]
(1) रणपुर (2) बोरानाड़ा (3) उद्योग विहार (4) कमानीपुरा
**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड (RIICO) ने निम्न में से किस जिले में एग्रोफूड पार्क विकसित किया है- [LDC - 11.08.2024]
(1) चुरू (2) उदयपुर (3) कोटा (4) जयपुर
**Ans. (3)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ रीको द्वारा विकसित निम्नलिखित में से कौनसा एग्रोफूड पार्क क्षेत्रफल के अनुसार सबसे बड़ा है-
[संग्रहालयाध्यक्ष - 19.06.2024]
(1) एम.आई.ए. (अलवर) (2) उद्योग विहार (श्रीगंगानगर)
(3) बोरानाडा (जोधपुर) (4) रनपुर-1 (कोटा)
**Ans. (3)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ एग्रो फूड पार्क, रानपुर स्थित है-[EEO -19.06.2024]
(1) जोधपुर (2) बीकानेर (3) उदयपुर (4) कोटा
**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान के पहले मेगा फूड पार्क का उद्घाटन किस जिले में किया गया?[LDC Exam -12.08.2018]
(1) अलवर (2) अजमेर (3) उदयपुर (4) जयपुर
**Ans. (2)**

*व्याख्या - अजमेर में किशनगढ़ के निकट रूपनगढ़ में प्रदेश का पहला मेगा फूड पार्क 29 मार्च, 2018 को शुरु किया गया। इस प्रोजेक्ट को ग्रीनटेक मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के तहत तैयार किया गया है। बजट 2020-21 में घोषित द्वितीय मेगा फूड पार्क का मथानिया (जोधपुर) में तथा तृतीय मेगा फूड पार्क का पलाना (बीकानेर) में निर्माण किया जा रहा है।*

❑ भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सहयोग से ग्रीनटेक मेगा फूड पार्क ने अपनी इकाई स्थापित की है-[खाद्य सुरक्षा अधिकारी-25.11.2019]
[शोध अधिकारी परीक्षा-04.08.2024]
(1) रूपनगढ़,अजमेर (2) झोटवाड़ा,जयपुर (3) टोंक (4) गंगानगर
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ मेगा फूड पार्क का निर्माण कार्य चल रहा है- [III Grade (Urdu) -28.02.2023]
(1) पाली में (2) जालौर में (3) बीकानेर में (4) जोधपुर में
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राज्य का दूसरा स्पाइस पार्क स्थापित किया जा रहा है [III[rd] Grade Teacher Exam. 2012]
(1) जयपुर (2) अजमेर (3) जोधपुर (4) कोटा
Ans. (4)

*व्याख्या-राज्य का पहला स्पाइस पार्क, रामपुरा बाढ़ियाँ/भाटियान गाँव ( जोधपुर ) स्थापित ( 7 अप्रैल, 2012 ) तथा राज्य का दूसरा स्पाइस पार्क रामगंज मण्डी ( कोटा ) में स्थापित ( 22 फरवरी, 2019 ) किया गया है।*

❒ राजस्थान का पहला 'स्पाइस-पार्क' कहाँ स्थापित किया जाएगा? [छात्रावास अधीक्षक, 2008] [III Grade (SST) -26.02.2023] [कृषि पर्यवेक्षक- 18.09.2021]
(1) कोटा (2) जोधपुर (3) जालोर (4) नागौर
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ दिल्ली-मुम्बई औद्योगिक कोरिडोर प्रॉजेक्ट के प्रथम चरण में विकसित किया जा रहा है- [व्याख्याता - 2014]
(i) खुशखेड़ा-भिवाड़ी (ii) नीमराना (iii) बहरोड़ (iv) कूकस
उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं ?
(1) (i) एवं (ii) (2) (ii) एवं (iii)
(3) (i), (ii) व (iii) (4) (ii), (iii) व (iv)
Ans. (1)

*व्याख्या - दिल्ली-मुम्बई औद्योगिक कोरिडोर के प्रदेश में 5 चरण विकसित किए जाने हैं। **पहला** खुशखेड़ा-भिवाड़ी-नीमराणा इन्वेस्टमेंट रीजन, **दूसरा** जोधपुर-पाली-मारवाड़, **तीसरा** अजमेर-किशनगढ़, **चौथा** राजसमंद-भीलवाड़ा और **पाँचवाँ** जयपुर-दौसा है। जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र को **12 अक्टूबर, 2020** को **विशेष निवेश क्षेत्र के रूप में अधिसूचित** किया गया है।*

❒ रमकड़ा उद्योग प्रसिद्ध है? [जेल प्रहरी परीक्षा-2017]
(1) गलियाकोट का (2) बेगूँ (3) माण्डल (4) जेठाना का
Ans. (1)

*व्याख्या : डूँगरपुर का गलियाकोट रमकड़ा उद्योग हेतु प्रसिद्ध है।*

❒ हिन्दुस्तान मशीन टूल्स द्वारा घड़ी संयोजन इकाई स्थापित की गई है? [S.I. Exam, 1998] [LDC. Ex. 2012, जेल प्रहरी परीक्षा-2017] [Stenographer Exam : 30.05. 2013]
(1) सूरतगढ़ (2) गंगानगर (3) अजमेर (4) भिवाड़ी
Ans. (3)

*व्याख्या - हिन्दुस्तान मशीन टूल्स निगम, अजमेर : चेकोस्लोवाकिया की मदद से 1967 में अजमेर में स्थापित HMT की इस वॉच असेम्बली इकाई को वर्तमान में बंद कर दिया गया है ।*

❒ राज्य की वह कम्पनी जिसकी स्थापना चेकोस्लोवाकिया के सहयोग से की गई? [जेल प्रहरी परीक्षा-2017]
(1) हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड
(2) इन्स्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड, कोटा
(3) हिन्दुस्तान मशीन टूल्स, अजमेर
(4) हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड
Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान के अजमेर जिले में 1967 में हिन्दुस्तान मशीन टूल्स की स्थापना में किस देश ने सहायता की थी- [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-13.06.2024 (II)]
(1) चीन (2) ब्रिटेन (3) सं. रा. अमेरिका (4) चेकोस्लोवाकिया
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान के किस ज़िले में काँच उद्योग स्थापित हुआ है? [PTI Exam - 2015] [जेल प्रहरी परीक्षा-2017]
(1) धौलपुर (2) डूँगरपुर (3) सिरोही (4) चित्तौड़गढ़
Ans. (1)

*व्याख्या -हाईटैक प्रिसिजन ग्लास फैक्ट्री, धौलपुर में है।*

❒ हाइटेक प्रिसीजन ग्लास फैक्ट्री स्थित है? [जेल प्रहरी-2017]
(1) भरतपुर (2) धौलपुर (3) जयपुर (4) अलवर
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ इनमें से हाथ से कागज निर्माण का कार्य कहाँ किया जाता है? [LDC-2012][III Grade (Urdu)-28.02.2023]
(1) बाड़मेर (2) बालोतरा (3) सांगानेर (4) कैथून
Ans. (3)

*व्याख्या - राजस्थान में हाथ से कागज बनाने के लिए **घोसूण्डा** ( चितौड़गढ़ ) व **सांगानेर** ( जयपुर ) प्रसिद्ध है।*

❒ सांगानेर ( जयपुर ) विशेष रूप से प्रसिद्ध है? [ग्राम सेवक परीक्षा, 2008]
(1) हस्तनिर्मित कागज (2) खिलौने
(3) हस्तनिर्मित औजार (4) ऊनी गलीचे
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ भारत सरकार का उपक्रम इन्स्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड कहाँ स्थित है? [RPSC LDC. Exam, 2012]
(1) जयपुर (2) उदयपुर (3) कोटा (4) अजमेर
**Ans. (3)**

*व्याख्या - इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड : कोटा जिले में मशीन व यंत्र निर्माण हेतु 1965 में स्थापित। इसकी सहायक इकाई राजस्थान इलेक्ट्रोनिक एंड इंस्ट्रूमेंट्स लि., कनकपुरा (जयपुर) में टेलीविजन सेट्स निर्माण हेतु 1982-83 में स्थापित की गयी।*

❒ हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड उद्योग को कच्चा माल कहाँ से उपलब्ध होता है? [RPSC LDC. Exam, 2012]
(1) खेतड़ी क्षेत्र (2) सीकर क्षेत्र
(3) जयपुर क्षेत्र (4) जावर क्षेत्र
**Ans. (1)**

*व्याख्या -हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड : यह नवम्बर, 1967 में यू.एस.ए. की वेस्टर्न नैप इंजीनियरिंग कम्पनी की सहायता से खेतड़ी (झुन्झुनूँ) में स्थापित किया गया है।*

❒ राजस्थान के किस जिले में इन्द्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र स्थित है- [LDC -12.08.2018] [R.A.S.(cancelled) 1999] [संगणक-03.03.2024]
(1) झालावाड़ (2) चित्तौड़गढ़ (3) बूँदी (4) कोटा
**Ans. (4)**

*व्याख्या - इन्द्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र राजस्थान के कोटा जिले में स्थित है। कोटा में इंद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र में ऑटोमोबाइल पार्क स्थापित किया जा रहा है।*

❒ राज़स्थान में सरसों की अधिक पैदावार के कारण तेलघानी और लघु उद्योग निम्न में से कहाँ पाये जाते हैं? [Stenographer-15.10.2024] [Police Constable Exam-2007(II)]
(1) भीलवाड़ा (2) भरतपुर (3) कोटा (4) बूँदी
**Ans. (2)**

*व्याख्या - राज्य के भरतपुर, जयपुर, कोटा, गंगानगर, पाली, सवाईमाधोपुर, टोंक (निवाई) आदि जिलों में तेल-घाणी उद्योग केन्द्रित है। भरतपुर में इंजिन मार्का छाप तेल, जयपुर में वीर बालक प्रसिद्ध मार्का तेल उत्पादक कारखानें है।*

❒ राजस्थान के किस औद्योगिक क्षेत्र में, दक्षिण कोरियाई कंपनियों के लिए विशिष्टतया नामांकित क्षेत्र है? [Jr. Accountant 04.10.16]
(1) रीको औद्योगिक क्षेत्र, भिवाड़ी
(2) घीलोट औद्योगिक क्षेत्र, अलवर
(3) रीको औद्योगिक क्षेत्र, प्रहलादपुरा
(4) रतन औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ़
**Ans. (2)**

*व्याख्या-रीको व कोरिया ट्रेड इन्वेस्टमेंट प्रमोशन एजेंसी (कोटरा) के मध्य 11 मार्च, 2013 को निष्पादित एमओयू के तहत घीलोट (वर्तमान में कोटपूतली-बहरोड़) औद्योगिक क्षेत्र में कोरियन इन्वेस्टमेंट जोन विकसित किया जा रहा है।*

❒ राजस्थान में कौनसी संस्थान शीत भण्डार गृह और मण्डी यार्ड बनाने से सबद्ध है? [LDC - 23.10.16]
(1) नाबार्ड (2) राज्य सहकारी बैंक
(3) कृषि विपणन बोर्ड (4) क्रय-विक्रय समितियाँ
**Ans. (3)**

*व्याख्या - राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड (RSAMB) - यह बोर्ड प्रदेश में कृषि उत्पादों के विपणन हेतु मण्डियाँ स्थापित करने एवं उनका संचालन करने तथा मण्डी सड़कों के निर्माण के उद्देश्य से 1974 में गठित किया गया। मुख्यालय: कृषि भवन, भगवान दास रोड, जयपुर।*

❒ भारत में निजी क्षेत्र की एक सबसे बड़ी उर्वरक उत्पादक कम्पनी 'चंबल फर्टीलाइजर्स एण्ड केमिकल्स' कहाँ स्थित है [III Gr.T.-2004] [महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (TSP) - 20.12.2015] [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-06.11.2020 (II)]
(1) कोटा (2) रावतभाटा (3) शिवदासपुर (4) गढ़ेपान
**Ans. (4)**

*व्याख्या - चम्बल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड - गढ़ेपान (कोटा) में गैस पर आधारित निजी क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा यूरिया खाद का कारखाना है।*

❒ राजस्थान का पहला डी.ए.पी. खाद प्रोजेक्ट कहाँ स्थापित होना प्रस्तावित है? [छात्रावास अधीक्षक-2008]
(1)झामर-कोटड़ा (2) देबारी
(3)रामपुरा-आगूचा (4) कपासन
**Ans. (4)**

*व्याख्या - राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड - कपासन गाँव (चित्तौड़गढ़) में डाई अमोनियम फॉस्फेट (डी.ए.पी.) खाद का कारखाना है। यह उत्तर भारत का प्रथम डी.ए.पी. खाद कारखाना है।*

Scanned with OKEN Scanner

❐ राजस्थान राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स को स्थापित किया गया है ? [R.A.S. Pre Exam, 2007]
(1) चित्तौड़गढ़ जिले के कपासन में
(2) कोटा जिले के गड़ेपान में
(3) हनुमानगढ़ जिले के रावतसर में
(4) भीलवाड़ा जिले के हुरड़ा में
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान में श्रीराम फर्टीलाइजर एवं केमिकल्स उद्योग कहाँ स्थापित है? [AEN Exam - 16.12.2018] [स्कूल व्याख्याता (Physical Edu.)-21.10.2022]
(1) बूँदी (2) भिवाड़ी (3) जयपुर (4) कोटा
**Ans. (4)**

*व्याख्या - श्रीराम फर्टीलाइजर एवं केमिकल्स उद्योग, कोटा जिले में स्थापित है। यह राजस्थान का सबसे बड़ा खाद उत्पादक कारखाना है।*

❐ राज्य में कहाँ आयोडाइज्ड नमक के कारखाने लगाये गये हैं? [RPSC TRA Exam-1994]
(1) डीडवाना, कछोवा (2) पचपदरा, डीड़वाना
(3) सांभर, आमेर (4) लूणकरणसर, पंचपद्रा
**Ans. (2)**

*व्याख्या - डीडवाना ( डीडवाना-कुचामन जिला ) - यहाँ सार्वजनिक क्षेत्र के सोडियम सल्फेट संयंत्र (1964) व सोडियम सल्फाइड (1966) बनाने के कारखाने राजस्थान स्टेट केमिकल्स वर्क्स के नाम से स्थापित है।*
*• पचपदरा ( बालोतरा जिला )- यहाँ उत्पादित नमक समुद्री नमक से मिलता जुलता है। यहाँ का नमक सबसे अच्छा है।*

❐ 'राजस्थान स्टेट केमिकल वर्क्स' उद्योग कहाँ स्थित है? [RAS -19.11.2013] [Head Master -11.10.2021] [II Grade GK - 22.12.2022] [कॉलेज व्याख्याता (सारंगी)-30.05.2019]
(1) लूणकरणसर (2) सांभर (3) पचपदरा (4) डीडवाना
**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान में 'निर्यात-संवर्धन औद्योगिक उद्यान' किसकी सहायता से स्थापित किया? [R.A.S.-1995] [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.06.2024 (II)]
(1) जापान (2) विश्व बैंक
(3) भारत सरकार (4) अन्तर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण
**Ans. (3)**

*व्याख्या - भारत सरकार की सहायता से राज्य का **तीसरा निर्यात संवर्द्धन औद्योगिक पार्क नीमराना** ( कोटपूतली-बहरोड़ ) में स्थापित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पहला निर्यात संवर्द्धन औद्योगिक पार्क **सीतापुरा** ( जयपुर ) तथा दूसरा **बोरानाडा** ( जोधपुर ) में स्थापित किया गया है।*

❐ सूचना प्रौद्योगिकी पार्क कहाँ है? [II Grade Teacher (Science) 2010]
(1) उदयपुर (2) जोधपुर (3) जयपुर (4) अलवर
**Ans. (3)**

❐ राजस्थान में सफेद सीमेन्ट का उत्पादन होता है? [R.A.S. Pre Exam, 1995,99, Sl,98]
(1) ब्यावर (2) गोटन (3) निम्बाहेड़ा (4) चित्तौड़गढ़
**Ans. (2)**

*व्याख्या - राजस्थान में सफेद सीमेण्ट के तीन कारखानें - प्रथम गोटन ( नागौर ) में जे. के. व्हाइट सीमेन्ट, दूसरा खारिया खंगार ( राजस्थान का सबसे बड़ा सफेद सीमेन्ट का कारखाना ), भोपालगढ़ ( जोधपुर ) में अल्ट्रा टेक सीमेन्ट ( बिड़ला व्हाइट सीमेन्ट की डिवीजन ) एवं तीसरा मांगरोल ( चित्तौड़गढ़ ) में जे. के. व्हाइट सीमेन्ट, स्थित है।*

❐ निम्नलिखित ( सीमेण्ट उद्योग – स्थान ) में से कौनसा सुमेलित नहीं है? [वनरक्षक-13.12.2022(S-I)]
(1) जे.के. सीमेन्ट-निम्बाहेड़ा (2) मंगलम सीमेन्ट-मोडक
(3) श्री सीमेन्ट-ब्यावर (4) बिड़ला व्हाइट सीमेन्ट-गोटन
**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ नागौर जिले में स्थित 'गोटन' स्थान किस उद्योग के लिए प्रसिद्ध है? [राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-15.07.2018 (I)]
(1) शक्कर (2) सीमेंट (3) काँच (4) धातु उद्योग
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान में सफेद सीमेंट बनाने का पहला कारखाना 1984 में कहाँ स्थापित किया गया था? [Assistant Engineer-Civil -21.05.23]
(1) केकड़ी (अजमेर) (2) ब्यावर (अजमेर)
(3) रींगस (जयपुर) (4) गोटन (नागौर)
**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ उद्योग-स्थिति में कौनसा सुमेलित नहीं है- [II Grade - 30.07.2023 (S- I)]
(1) हाई टेक ग्लास-धौलपुर (2) सफेद सीमेण्ट-निम्बाहेड़ा
(3) टायर-ट्यूब-अलवर (4) पॉलिमर-शाहपुरा
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❐ कौनसे सुमेलित है- [I Grade Geography-16.10.2022]

1. ए.सी.सी. लिमिटेड - खारिया
2. अम्बुजा सीमेन्ट - राबड़ियावास
3. जे.के. सीमेन्ट - निम्बाहेड़ा
4. श्रीराम सीमेन्ट - ब्यावर

(1)1, 3 और 4 (2) 2 और 3(3)1 तथा 3(4) 2, 3, 4

**Ans.** (2)

*व्याख्या : ए.सी.सी. लिमिटेड - लाखेरी (बूँदी), श्रीराम सीमेन्ट - कोटा (सबसे कम उत्पादन क्षमता वाला कारखाना) में अवस्थित है।*

❐ श्रम ब्यूरो, शिमला, सितंबर-2020 से राजस्थान के किन केन्द्रों के लिए औद्योगिक श्रमिकों हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार वर्ष -2016) जारी करता है? [CET : 08.01.2023 (S-I)]

(1)अलवर,भीलवाड़ा, जयपुर(2)अजमेर, जयपुर, भीलवाड़ा
(3) जयपुर, जोधपुर, बीकानेर
(4) अलवर, अजमेर, जयपुर

**Ans.** (1)

*व्याख्या -वर्तमान में औद्योगिक श्रमिकों के लिए सामान्य उपभोक्ता सूचकांक बनाने के लिए तीन जिले जयपुर, भीलवाड़ा एवं अलवर (सितम्बर, 2020 से अजमेर के स्थान पर) सम्मिलित किये गये है।*

❐ राजस्थान में टायर एवं ट्यूब बनाने का सबसे बड़ा कारखाना स्थित है? [R.A.S. Pre Exam, 1998]
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.06.2024 (II)]

(1) केलवा (2) कांकरोली (3) करौली (4) कोटपूतली

**Ans.** (2)

*व्याख्या - कांकरोली : इस कस्बे में राजसमंद झील की पाल पर द्वारकाधीश का भव्य मंदिर (वल्लभ सम्प्रदाय का प्रमुख केन्द्र) है। यहाँ राणा मोकल द्वारा निर्मित चारभुजा मंदिर (इसके पास 9 चौकी नामक प्रसिद्ध तालाब, रोकड़िया हनुमानजी, लक्ष्मण झूला) व टायर-ट्यूब (जे.के.) बनाने का सबसे बड़ा कारखाना भी स्थित है।*

❐ राजस्थान में सर्वप्रथम 1964 में वनस्पति घी उद्योग कहाँ स्थापित किया गया? [II Grade (English) -2011]
[RPSC Jr. A/c-1994]

(1) जयपुर (2) भीलवाड़ा (3) बारां (4) उदयपुर

**Ans.** (2)

*व्याख्या - वनस्पति घी का सबसे पहला कारखाना राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में स्थापित (1964) किया गया। यह उद्योग जयपुर (विश्वकर्मा का महाराजा व झोटवाड़ा का आमेर छाप वनस्पति), उदयपुर, गंगानगर, अलवर, टोंक (निवाई की केसर छाप वनस्पति), चित्तौड़गढ़, सवाईमाधोपुर आदि स्थानों पर स्थापित है।*

❐ राजस्थान में शक्कर उद्योग के केन्द्रों का सही समुच्चय है? [R.A.S. Pre Exam, 1999]

(1) कोटा-टोंक-भीलवाड़ा (2) उदयपुर-टोंक-भीलवाड़ा
(3) केशोरायपाटन-श्रीगंगानगर-बीकानेर
(4) श्रीगंगानगर-भोपालसागर-केशोरायपाटन

**Ans.** (4)

*व्याख्या - • राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड (RSGSM) - 'बीकानेर औद्योगिक निगम लिमिटेड' के नाम से निजी क्षेत्र में इसकी स्थापना 1945 में (राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी की पुस्तक राजस्थान का भूगोल, डॉ. हरिमोहन सक्सेना के अनुसार 1937) की गई। यहाँ चीनी बनाने का कार्य 1946 में शुरू हुआ। यह राजस्थान की दूसरी चीनी मिल हैं।*

*1 जुलाई, 1956 को राजस्थान सरकार द्वारा इसे अधिगृहीत करने पर यह सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई बन गई। 14 मई, 1993 को इसका नाम राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स कर दिया गया। वर्ष 2016 में इसको गंगानगर शहर से स्थानान्तरित कर कमीनपुरा गाँव में स्थापित किया गया। इस मिल में चुकन्दर से भी चीनी बनाने का कार्य 1968 में प्रारम्भ किया गया, जो अब बन्द है। यहाँ देशी शराब का निर्माण भी होता है।*

*• श्री केशोरायपाटन शुगर मिल्स लिमिटेड - यह राजस्थान की तीसरी चीनी मिल है। इसकी स्थापना 1965 ई. में केशोरायपाटन बूँदी में सहकारी क्षेत्र में की गई है। वर्तमान में यह मिल बन्द है।*

*• दी मेवाड़ शुगर मिल्स लिमिटेड - यह राजस्थान की प्रथम चीनी मिल है। इसकी स्थापना भोपाल सागर (चित्तौड़गढ़) में 5 अप्रैल 1932 ई.में निजी क्षेत्र में की गई है।*

❐ मेवाड़ शुगर मिल अवस्थित है- [खाद्य सुरक्षा अधिकारी-25.11.2019]

(1)भोपाल सागर(2)श्रीगंगानगर(3) उदयपुर(4) केशोरायपाटन

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

राजस्थान में प्रथम चीनी उत्पादन मिल स्थापित की गई- [महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (TSP) - 20.12.2015] [Stenographer- 30.05. 2013] [LDC-2012]
(1) केशोरायपाटन(2) श्रीगंगानगर(3) कोटा(4) भोपाल सागर
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

राजस्थान राज्य के किस क्षेत्र में पहली चीनी मिल स्थापित की गयी थी-[छात्रावास अधीक्षक-30.08.2024]
(1) अजमेर (2) भीलवाड़ा (3) चित्तौड़गढ़ (4) मकराना
Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

सहकारी तन्त्र में संचालित शक्कर का कारखाना स्थित है ? [R.A.S. Pre Exam, 1993, 94,99, SLET,99]
(1)उदयपुर(2)श्रीगंगानगर(3)भोपालसागर(4) केशोरायपाटन
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल हैं- [CET - 5.2.2023 (S-I)]
(1) निज़ी क्षेत्र की कम्पनी (2) सहकारी क्षेत्र की कम्पनी
(3) सरकारी उपक्रम (4) सरकार व निजी संयुक्त उपक्रम
Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड ने चुकंदर से चीनी बनाना कब से प्रारम्भ किया था-[PSI - 14.09.2021]
(1) 1968 (2) 1967 (3) 1963 (4) 1969
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

चुकन्दर पर आधारित प्रथम चीनी उद्योग स्थापित हुआ था- [RAS - 01.10.2023]
(1)गंगानगर(2)भोपालसागर(3)केशोरायपाटन(4)उदयपुर
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड को शुरू में वर्ष 1945 में निजी क्षेत्र में ......के रूप में संस्थापित किया गया था। [Asst. Town Planner- 16.06.2023]
(1) मेवाड़ शुगर मिल्स लिमिटेड, चित्तौड़गढ़
(2) महाराजा श्री उम्मेद मिल्स लिमिटेड, पाली
(3) केशोरायपाटन सहकारी चीनी कारखाना, बूँदी
(4) बीकानेर औद्योगिक निगम लिमिटेड, बीकानेर
Ans. (4)*व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

राजस्थान का सबसे पुराना सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम कौनसा है? [CET (10+2) : 23.10.2024 (S-II)]
(1) हिन्दुस्तान साल्ट्स लिमिटेड
(2) राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड
(3) राजस्थान ड्रग्स एवं फार्मास्युटिकल लिमिटेड
(4) राजस्थान इलैक्ट्रोनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्न में से राजस्थान का कौन-सा ज़िला चीनी मिल संयंत्र के कारण वायु प्रदूषण की समस्या से जूझ रहा है? [उद्योग प्रसार अधिकारी-22.08.2018] [कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) सीधी भर्ती परीक्षा- 23.03.2019]
(1) बीकानेर (2) भरतपुर (3) धौलपुर (4) श्रीगंगानगर
Ans. (4)

❒ राजस्थान में अभ्रक ईंट उद्योग केन्द्रित है? [III Grade Teacher-2006][महिला पर्यवेक्षक - 20.12.2015]
(1) बाँसवाड़ा(2)भीलवाड़ा (3)हनुमानगढ़(4) श्रीगंगानगर
Ans. (2)

*व्याख्या-ईंट उद्योग में भीलवाड़ा सर्वाधिक विकसित जिला है। राज्य के इस जिले में अभ्रक की ईंटें बनाई जाती है। भीलवाड़ा में तापरोधी ईंट उद्योग विकसित किया गया है।*

❒ पावरलूम उद्योग में प्रथम 'कम्प्यूटर एडेड डिजाइन सेट' स्थापित किया गया है? [R.A.S.-1999]
(1) पाली (2) भीलवाड़ा (3) जोधपुर (4) बालोतरा में
Ans. (2)

*व्याख्या - भारत सरकार के सहयोग से पावरलूम उद्योग हेतु भीलवाड़ा में प्रथम बार 'कम्प्यूटर एडेड डिजाइन सेट' स्थापित किया गया।*

❒ निम्नलिखित में से कौनसा राजस्थान सरकार का उद्योग नहीं है? [R.A.S. Pre Exam.(cancelled) 1999]
(1) दि गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड
(2) राजस्थान स्टेट केमिकल वर्क्स, डीडवाना
(3) स्टेट वूलन मिल्स, बीकानेर
(4) मॉर्डन फूड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
Ans. (4)

*व्याख्या -<u>मॉर्डन बेकरीज इण्डिया लि.</u> : 1965 में जयपुर में स्थापित वर्तमान में यह औद्योगिक इकाई (14 ब्रेड इकाईयाँ) हिन्दुस्तान लीवर लिमिटेड कम्पनी को बेच दी गई है।*

❒ वर्ष 1953 में एशिया का सबसे बड़ा सीमेंट कारखाना कहाँ स्थापित किया गया था?[क. अनुदेशक-10.9.2022]
(1) जयपुर (2) सवाई माधोपुर (3) जोधपुर (4) बीकानेर
Ans. (2)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या-दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा सीमेंट कारखाना 'जयपुर उद्योग लिमिटेड' (1953 से 1959) बावरा, सवाई माधोपुर में स्थापित किया गया था, जो 1986 से बंद है।*

❒ **राजस्थान में सर्वप्रथम सीमेन्ट फैक्ट्री खोली गई-**
[II Grade (English)-2011][जेल प्रहरी-28.10.2018, S-III]
[CET : 07.01.2023 (S-1)][II Grade GK - 24.12.2022]
[EO & RO - 14.05.2023 (S - I)]
[I Grade (Sans.Edu.) - 15.11.2022]
(1) चित्तौड़गढ़ (2) लाखेरी (3) मोड़क (4) निम्बाहेड़ा
**Ans. (2)**

*व्याख्या - ऐसोसिएट सीमेन्ट कम्पनी (A.C.C.) - इसकी स्थापना लाखेरी गाँव (बूँदी) में क्लीक निक्सन कम्पनी द्वारा 1915 में साहू जैन समूह द्वारा स्थापित की गई। यहाँ 1917 में उत्पादन प्रारम्भ हुआ। यह राजस्थान में प्रथम सीमेन्ट का कारखाना है। वर्तमान में अडाणी समूह द्वारा संचालित है।*

❒ **ए.सी.सी. लिमिटेड की एक सीमेन्ट इकाई है-**
[II Grade (SST.) -13.02.2023]
(1) गोटन (2) लाखेरी (3) सिरोही (4) चित्तौड़गढ़
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान में किस शहर में सीमेन्ट का उत्पादन सर्वाधिक होता है-** [R.A.S. Pre Exam, 2003]
[RPSC II Grade Teacher Exam-2011]
(1) चित्तौड़गढ़ (2) जयपुर (3) भरतपुर (4) दौसा
**Ans. (1)**

*व्याख्या - राजस्थान का सीमेन्ट उत्पादन में देश में प्रथम स्थान है। राज्य में सर्वाधिक सीमेन्ट उत्पादक जिला चित्तौड़गढ़ हैं, जबकि वर्तमान में जैसलमेर में सर्वाधिक सीमेन्ट उत्पादन की संभावनाएँ है। यहाँ खींया खींवसर, तुलछा सिंह की ढाणी तथा पारेवर की ढाणी में 6 वृहत् आकार के सीमेण्ट कारखानें स्थापित किये जा रहे हैं।*

❒ **राजस्थान के किस जिले में, जियो-लॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया 2021 के नवीनतम सर्वेक्षण में, सीमेंट ग्रेड लाइमस्टोन के विशाल भण्डार मिले हैं?**
[CET : 07.01.2023 (S-1)]
(1) चित्तौड़गढ़ (2) जैसलमेर (3) झालावाड़ (4) पाली
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **निम्नलिखित में से कौनसा एक राजस्थान में सीमेंट उद्योग का केन्द्र नहीं है?** [कनिष्ठ लेखाकार-2.8.2015]
(1) गोटन (2) मोडक (3) ब्यावर (4) गुलाबपुरा
**Ans. (4)**

*व्याख्या-राजस्थान में सीमेन्ट कारखाने लाखेरी (बूँदी), निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़), मोड़क (कोटा), ब्यावर, गोटन (नागौर), सिरोही, उदयपुर, पाली आदि स्थानों पर स्थापित किए गए हैं। जबकि गुलाबपुरा (भीलवाड़ा) में राजस्थान सहकारी कताई (सूती वस्त्र) मिल है।*

❒ **राजस्थान में सीमेन्ट उत्पादन में प्रमुख जिले हैं :**
[द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा-2014]
(1) बून्दी, चित्तौड़गढ़, कोटा, सिरोही एवं उदयपुर
(2) चित्तौड़गढ़, उदयपुर, प्रतापगढ़ एवं बाँसवाड़ा
(3) सिरोही, कोटा, डूँगरपुर एवं बाँसवाड़ा
(4) कोटा, बून्दी, टोंक एवं भीलवाड़ा
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **जे.के. पुरम जो कि जे. के. लक्ष्मी सीमेंट विनिर्माण इकाई के रूप में जाना जाता है,.... जिले में हैं।**
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-02.07.2022]
(1) पाली (2) टोंक (3) सीकर (4) सिरोही
**Ans. (4)**

*व्याख्या- राजस्थान में सर्वाधिक सीमेन्ट उत्पन्न करने वाली सीमेन्ट कम्पनी 'श्रीसीमेन्ट' है। इसके प्रमुख कारखाने - श्रीसीमेन्ट ब्यावर (क्षमता-36 लाख टन प्रतिवर्ष, ऊर्जा संरक्षण हेतु 'गोल्डन पीकॉक अवॉर्ड' से सम्मानित), रास (ब्यावर), खुशखेड़ा (खैरथल-तिजारा), सूरतगढ़ (गंगानगर), जोबनेर (जयपुर)।*

- ***अल्ट्राटेक कम्पनी का बिरला व्हाइट सीमेन्ट उद्योग-खारिया खंगार (भोपालगढ़) जोधपुर***
- ***जयपुर उद्योग लिमिटेड** - इसकी स्थापना बावरा गाँव में की गई हैं। यह राजस्थान का प्रथम व एशिया का दूसरा सबसे बड़ा सीमेन्ट का कारखाना है।*
- ***जे.के. व्हाइट सीमेन्ट का कारखाना-गोटन (नागौर)***
- ***जे.के. लक्ष्मी सीमेन्ट** - सिरोही*
- ***स्ट्रा प्रोडक्टस बनास** - सिरोही*
- ***जे.के. सीमेन्ट का कारखाना** - इसकी स्थापना 1974 में निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़) में की गई। यह राजस्थान में सर्वाधिक सीमेन्ट उत्पादन करने वाला कारखाना।*

❒ **बिड़ला सीमेन्ट वर्क्स अवस्थित है**[II Grade -28.10.2018]
(1) चित्तौड़गढ़ (2) कोटा (3) बूँदी (4) निम्बाहेड़ा
**Ans. (1)**

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या : चित्तौड़गढ़ ( राज्य की सीमेन्ट नगरी ) में बिड़ला सीमेन्ट वर्क्स लिमिटेड, आदित्य सीमेन्ट लिमिटेड, जे.के. सीमेन्ट ( निम्बाहेड़ा ), लाफार्ज इण्डिया लिमिटेड ( भावलिया, निम्बाहेड़ा ), अल्ट्राटेक सीमेन्ट ( शम्भुपुरा ) अवस्थित है।*

❐ **निम्नलिखित में से कौनसी सीमेण्ट फैक्ट्री चित्तौड़गढ़ जिले में अवस्थित नहीं है?** [II Grade (S-II) -29.1.2023]

(1) बिड़ला सीमेण्ट वर्क्स लि. (2) जे.के. सीमेण्ट लि.
(3) आदित्य सीमेण्ट वर्क्स (4) हिन्दुस्तान सीमेण्ट लि.

**Ans.** (4)*व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **सुमेलित कीजिए**–[Asst. Professor- 7.1.2024]

| सूची-I (सीमेन्ट उद्योग) | सूची-II (स्थान) |
|---|---|
| A. जे. के. सीमेन्ट | 1. मोडक |
| B. बिरला सीमेन्ट | 2. पिण्डवाड़ा |
| C. बिनानी सीमेन्ट | 3. चित्तौड़गढ़ |
| D. नीर श्री सीमेन्ट | 4. निम्बाहेड़ा |

| कूट: | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 2 | 1 | 3 | (2) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (3) | 3 | 1 | 4 | 2 | (4) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**Ans.** (2)

❐ **राजस्थान में सीमेंट उद्योग के स्थानीयकरण का प्रमुख कारक कौनसा है?** [II Grade GK -31.10.2018]

(1) बाजार
(2) कच्चे माल की उपलब्धता
(3) शक्ति संसाधनों की उपलब्धता
(4) प्रशिक्षित श्रमिक

**Ans.** (2)

